तापमान

अधिकतम 39.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 स्ट्रीट लाइट्स बनीं शो-पीस करोड़ों की योजना फेल

14 पीएम आवासः हर पात्र हितग्राही का मिलेगा ...

खबर संक्षेप

जमीन विवाद को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम भुलका में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति के साथ उसी के परिवार के लोगों के द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में कराई गई है। पुलिस को समारू पटेल निवासी ग्राम भुलका ने बताया कि 18 अप्रैल की रात 8 बजे उसके पुत्र अभेलाल पटेल व नाती रमेश पटेल ने जमीन की बात को लेकर गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट किया। इस दौरान अभेलाल पटेल ने जान से मारने की धमकी देकर ईंट से उसके सिर में वार कर दिया। जब वह इलाज कराने के लिए जा रहा था तभी धानापाली के पास पहुंचने पर उसके नाती रमेश पटेल, उसका मामा उग्रसेन पटेल व मनबोध पटेल ने मिलकर गाली गलौज कर मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

उधार व खेत जुताई का पैसा मांगने पर मारपीट

महासमुंद। उधार व खेत जुताई का पैसा मांगने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना हो गई। पुलिस को जयानंद बुड़ेक निवासी ग्राम नवागांव ने बसना पुलिस को बताया कि गांव के सुभाष भोई ने करीब 3 वर्ष पूर्व उससे13000 रुपए उधार लिया था। जिसे आज तक वापस नहीं किया है। पिछले साल सुभाष भोई के खेत को उसके ट्रेक्टर से तीन घंटा जुताई किया था जिसका किराया 3600 रुपए भी नहीं दिया है। 18 अप्रैल को वह अपनी पत्नी बेलमती बुडेक के साथ खेत जा रहा था, तभी रास्ते में अनिल भोई ने बार-बार पैसा मांगता है कहकर पति-पत्नी के साथ गाली गलौच किया। इसके बाद वे दोनों खेत चले गए। जहां दोपहर करीब 12 बजे सुभाष भोई और सानंद बुडेक आये हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

संसद में शिकायत फिर भी हो रहा महानदी से रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले में सांसद रूपकुमारी चौधरी के बाद सांसद प्रतिनिधि ने भी मोर्चा खोल दिया है। बता दें कि प्रदेश में सरकार भी भाजपा की और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी भाजपा के। बावजूद इसके निर्बाध जारी अवैध कारोबार शासन-प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और उनके रिश्तेदारों की संलिप्तता से भी भाजपा की छबि धूमिल हो रही है।

उल्लेखनीय है कि माह भर पहले क्षेत्रीय सांसद रुपकुमारी चौधरी ने अवैध रेत खनन की शिकायतों और प्रदर्शनों के बाद भी राज्य सरकार पर कार्रवाई नही करने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए इस मामले को लोकसभा में उठाया था। प्रदेश में भाजपा सरकार की सरकार होने के बाद भी अधिकारी इस अवैध कार्य पर लगाम लगा पाने में फेल साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि मामला संसद तक पहुंच गया।

केंद्र सरकार ने प्रदेश सरकार से मांगी है इस संबंध में रिपोर्ट

सांसद तक को इन सवालों के जवाब नहीं मिले

सांसद श्रीमती चौधरी ने सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की कि क्या सरकार को इस मुद्दे पर किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां, तो उन शिकायतों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई? क्या सरकार इस अवैध रेत खनन पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने की योजना बना रही है? ताकि महानदी के पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित किया कि जा सके? और इसके जल स्रोतों, तथा स्थानीय समुदायों को सुरक्षित रखा जा सके? क्या सरकार महानदी के अस्तित्व को बचाने के नि लिए ठोस प्रयास कर रही है? या यह केवल खानापूर्ति तक सीमित है?

राज्य से केंद्र ने मांगी है रिपोर्टः चौधरी

मामले को लेकर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा है कि संसद में उठाए गए प्रश्न पर केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत कराने कहा है। जानकारी मिलते ही मीडिया को अवगत कराया जाएगा।

अफसरों पर संलिप्तता का आरोप

सांसद प्रतिनिधि नारेंद्र गिरी ने महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को लेकर जारी प्रेस नोट में कहा है कि क्षेत्र में रेत माफिया सक्रिय है और अवैध रूप से रेत परिवहन करके शासन को राजस्व की भारी क्षति पहुंचा रहा है। कुछ दिन पूर्व रेत के अवैध परिवहन को ग्राम गढ़सिवनी के लोगों ने विरोध किया। तो रेत माफियाओं ने गांव के प्रमुख लोगों के बीच गांव में आकर पिटाई की और गढ़सिवनी क्षेत्र से रेत निकाल कर काकदेही के रास्ते रेत निकासी हो रही है। अवैध रेत उत्खनन में खनिज विभाग के सहायक खनिज अधिकारी देवेन्द्र साहू पर पूर्ण संलिप्तता का आरोप लगाते हुए गिरी ने कहा है कि जितने भी अवैध रेत खदान चल रहे हैं रेत माफियाओं को सहायक खनिज अधिकारी देवेन्द्र साहू का पूर्ण सहयोग है। जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल उक्त भ्रष्ट सहायक खनिज अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर अनुरोध करेगा।



लापरवाही : चालानी कार्रवाई कर यातायात विभाग कर रहा खानापूर्ति

मालवाहकों पर ढोए जा रहे सवारी हादसे को दे रहे खुला निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शादी का सीजन शुरु होते ही जिले के

- पूर्व हुए हादसों से भी प्रशासन सबक नहीं ले रहा, लोगों की जान जोखिम में

अंदरूनी इलाकों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग में ऐसे जान को जोखिम में डालकर चलने वाले नजारे इन दिनों आम हो गए हैं। यातायात पुलिस इन्हें रोककर या तो ऊपरी खर्च ले लेती है या चालानी कार्रवाई करने के बाद भी यात्रियों को इन्ही वाहनों में गंतव्य के लिए रवाना कर देती है। यह तस्वीर शनिवार शाम की है। मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने के दौरान हुए हादसों से कोई सबक नही लिया जा रहा है। यातायात विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरुकता कार्यक्रमों का तब कोई औचित्य नही रह जाता जब कोई हादसा होता

मालवाहक मे सवारियां बैठाने पर पाबंदी

मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केवल मात्र मालवाहक वाहनों को सामान ढोने के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है। इसमें सवारियां बैठाने पर पाबंदी है। इसके बावजूद इसके नियमों का उल्लंघन हो रहा है। यहां पुलिस ऐसे मालवाहक वाहनों में यात्रियों को ढोने के मामले में एमवी एक्ट की धारा 184 तथा 192ए के तहत कार्रवाई करती है। इसमें 2.2 हजार रुपए यानी कुल 4 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान है। अक्सर मालवाहक वाहन यह जुर्माना भरकर अपनी राह पकड़ लेते हैं।

है। फिर यह मुद्दा लोगों के लिए बहस का विषय बना रहता है। उसी समय नियमों की याद भी आती है लेकिन, फिर वही सिलसिला बदस्तूर जारी रहता है। हादसा होने के बाद शहर में इसकी चर्चा रहती है।

घायल होने पर नहीं है मुआवजे का प्रावधान

मोटर व्हीकल एक्ट में साफ तौर पर मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने पर पाबंदी है। हादसे होने की स्थिति में अपनी जान गंवाने वाले तथा घायल होने वाले लोगों को मुआवजे का भी प्रावधान नहीं है। वाहनों की बीमा पॉलिसी में भी सवारियां ढोने पर किसी प्रकार का क्लेम नही दिए जाने का उल्लेख होता है।

ग्रामीण क्षेत्र के लोग करते हैं मालवाहक वाहनों का उपयोग

मालवाहक वाहनों का उपयोग अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के द्वारा किया जाता है। इन्हें यदि किसी कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए दूसरे गांव जाना होता है तो ये पैसे बचाने के चक्कर में अधिकतर मालवाहकों का ही उपयोग करते है।जिसका नतीजा कई लोगों की मौत और कई हमेशा के लिए अपने अंगों को खो देते हैं। दर्दनाक हादसे लंबे समय तक गहरे जख्म भी दे जाते हैं।

आठ लाख का गांजा जब्त राजस्थान के दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की पुलिस ने बसना थाना क्षेत्र

- बसना थाना क्षेत्र के पदमपुर रोड परसकोल बंसुला के पास की गई कार्रवाई

अंतर्गत एक कार से 40 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। मामले में राजस्थान के दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस द्वारा 18 अप्रैल को बसना पदमपुर रोड परसकोल चौक बंसुला में स्टाफ के पदमपुर ओडिशा की ओर से आ रहे वाहनों को चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पदमपुर रोड ओडिशा की ओर से कार टाटा टियागो क्रमांक सीजी 15 डीएच 4324 को रोककर चेकिंग की गई। जिसमें दो व्यक्ति सवार थे।

जिसे रोककर पूछताछ की गई। जिस पर कार चालक ने अपना नाम रामकिशन बिश्नोई पिता हेतराम बिश्नोई (21 साल) निवासी पडियाल थाना भोजासर जिला फलौदी राजस्थान तथा बगल सीट में बैठे युवक ने अपना नाम मनीष देवाशी पिता हरीराम देवाशी (19 साल) निवासी मोटाई थाना चाखू जिला फलौदी राजस्थान का रहने वाला बताया।

पूछताछ में आरोपियों ने कार की डिक्की में दो सफेद कलर के प्लास्टिक बोरी में गांजा होना बताया, जिसे टिटलागढ रामपुर ओडिशा से खरीदकर बीकानेर राजस्थान ले जाना बताया। आरोपियों के कब्जे से कुल 40 किलो 400 ग्राम गांजा (कीमत 800000 रुपए), कार कीमत 2,00,000 रुपए, मोबाइल व नगदी रकम जब्त किया गया। मामले में आरोपियों को धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

ट्रक में अचानक ब्रेक लगने से कार पीछे से टकराई, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सामने चल रहे अज्ञात ट्रक के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा दिए जाने से उसके पीछे आ रही कार टकरा गई। जिसमें कार में बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस नेबताया कि 18 अप्रैल को मृतक टुनटुन यादव पिता जगलाल यादव (51 वर्ष) डॉ राजेंद्र नगर वार्ड क्र 01 थाना उरला जिला रायपुर(छग) अपने साथी अनिल गौतम, पृथ्वीनाथ पांडे के साथ कार क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 3877 में बैठकर ओडिशा से वापस रायपुर जा रहे थे। कार को पृथ्वीनाथ पांडे चला रहा था सुबह करीबन 4.30 बजे एनएच 53 रोड गोपालपुर तिराहा तुमगांव के पास पहुंचने पर सामने चल रही अज्ञात ट्रक चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक अचानक ब्रेक लगाने से कार ट्रक के पीछे से टकरा गई। जिससे कार में बैठे अनिल गौतम, टुनटुन यादव को अंदरूनी चोटें आईं। वहीं कार चालक को मामूली चोट आई। जिन्हें डायल 112 वाहन के माध्यम से सीएचसी तुमगांव लाया गया, जहां डाक्टर द्वारा टुनटुन यादव को चेक करने पर मृत होना बताया। वहीं घायल अनिल गौतम, पृथ्वीनाथ पांडे का प्राथमिक उपचार किया गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

खल्लारी राज का वार्षिक अधिवेशन आज

महासमुंद। अखिल भारतीय गोंड़ समाज खल्लारी राज का वार्षिक अधिवेशन 20 अप्रैल को ग्राम चरौदा बांध में सुबह 10 बजे से होगा। उक्त जानकारी महेंद्र ठाकुर ने दी।

सट्टा पट्टी लिख रहे युवक पर कार्रवाई

महासमुंद। सट्टा पट्टी लिख रहे एक युवक के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को सूचा मिली थी कि एक व्यक्ति नेहरू चौक गार्डन के सामने महासमुंद में सट्टा पट्टी नामक जुआ लिख रहा है। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम वंश शर्मा पिता अनिल शर्मा (19 वर्ष) वार्ड नं 16 शीतला पारा टामकी तालाब के पास महासमुंद का रहने वाला बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से एक नग सफेद रंग का रियल मी टच स्क्रीन मोबाईल, नगदी रकम 4440 रुपए जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई।

पालिका टीम ने वार्ड 29 से जब्त किया टुल्लू पंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर पालिका कर्मियों की टीम द्वारा शहर के सभी वार्डों में जाकर नलों में टुल्लू पंप लगाकर पानी खींचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। आज पालिका टीम द्वारा वार्ड 29 निवासी पवन कन्नौजे के घर से नल में टुल्लू पंप लगाकर पानी खींचते पाया गया।

टीम ने टुल्लू पंप जब्त कर राजसात किया। ज्ञात हो कि नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू लगातार नागरिकों से अपील कर रहे हैं, कि नलों से आवश्यकता अनुरूप पानी सभी को मिल रहा है। टुल्लू पंप लगाकर पानी खींचने से दूसरे घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता, जिससे अनावश्यक अन्य नागरिकों को परेशान होना पड़ता है। अतः नल में पंप लगाकर पानी न खींचे। उन्होंने पालिका कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि शहर के सभी वार्डों में जाकर नल शुरू होने के समय चेकिंग अभियान चलाया जाए। यदि कोई टुल्लू पंप से पानी खींचते पाए जाते हैं, तो टुल्लू पंप जब्त करें। समझाइश के बाद भी नहीं मानने वालों के नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई करें।

जून माह तक विवाह के हैं 38 मुहूर्त, मई में होंगी सर्वाधिक शादियां

अप्रैल में शुरू हो गए मांगलिक कार्य, बुकिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पिछले माह से लगे हुए खरमास महीने के समाप्त होने के साथ ही अप्रैल से शादी विवाह जैसे

मांगलिक कार्य की शुरुआत हो गई है। मार्च में खरमास समाप्त होने के साथ ही 14 अप्रैल से मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो गई है। जो जून महीने तक चलेगा।

14 अप्रैल से 10 जून तक सामान्य एवं विशेष को मिलाकर कुल 38 विवाह के मुहूर्त इस बार बन रहे हैं। इसके बाद देवशयनी एकादशी से पहले गुरु तारा के अस्त हो जाने से इस बार लंबी अवधि तक विवाह के मुहूर्त नहीं बन रहे हैं जिससे जो लोग अभी 3 महीने के अंदर विवाह जैसे कार्य नहीं करेंगे तो उन्हें आगे लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

11 जून से गुरु तारा अस्त हो जा रहे हैं। इसके बाद विवाह के मुहूर्त नहीं होंगे, जबकि देवशयनी एकादशी 6 जुलाई को है। पिछले कुछ सालों से देवशयनी एकादशी के बाद ही मांगलिक कार्यों पर ब्रेक लगता था, लेकिन इस बार 25 दिन पहले ही गुरु के अस्त होने से मांगलिक कार्य पर ब्रेक लग जाएगा।

वहीं दूसरी ओर देवउठनी एकादशी के बाद वैवाहिक कार्य चालू हो जाते थे लेकिन इस बार 1 नवंबर को देवउठनी एकादशी है। इसके ग्रह नक्षत्र का अच्छा योग नहीं होने की वजह से 21 नवंबर से वैवाहिक कार्य प्रारंभ होंगे। अर्थात देवउठनी एकादशी के 20 दिन बाद वैवाहिक कार्य प्रारंभ होंगे। इस हिसाब से प्रतिवर्ष लगभग 4 महीना तक के चातुर्मास में वैवाहिक कार्य जो बंद रहते थे, इस बार लगभग साढ़े पांच महीने तक वैवाहिक कार्य बंद रहेंगे। इससे लोगों को लगभग आधे साल का लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

खरमास समाप्त होने के बाद 14 अप्रैल से 11 जून के बीच कुल 38 वैवाहिक मुहूर्त के बाद पांच महिने के लंबे अंतराल के बाद 21 नवंबर से पुनः वैवाहिक मुहूर्त चालू होंगे। इसमें नवंबर व दिसंबर मिलाकर कुल 11 विवाह के शुभ मुहूर्त मिलेंगे। वैवाहिक मुहूर्त का अभाव होने के कारण इस बार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में जल्द से जल्द वैवाहिक कार्य निपटाने की जल्दी बाजी है। मुहूर्त शुरू होने से पखवाड़े महीने भर पहले ही लॉज, होटल, हलवाई, पंडितों व डीजे बुकिंग शुरू हो गई है।

अप्रैल से जून तक ये हैं विवाह के मुहूर्त

अप्रैल महीने में 19, 20, 21, 25, 29 व 30 कुल 11 शुभ मुहूर्त हैं। इसी तरह मई महीने में 1, 5, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27, 28 कुल 19 अर्थात सबसे ज्यादा विवाह के मुहूर्त हैं। इसके बाद जून के महीने में सबसे कम विवाह के कुल 8 मुहूर्त हैं। इसमें 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 9 जून को विवाह के मुहूर्त हैं।

जनप्रतिनिधियों द्वारा फील्ड में उतरकर किया जा रहा है पीएम आवास सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा (मोर दुआर, साय सरकार अभियान) के तहत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लगातार फील्ड में जाकर सर्वेक्षण कर रहे हैं। ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न हो पाए। आज जनपद पंचायत सरायपाली की ग्राम पंचायत मोहदा में सर्वेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पक्का मकान उपलब्ध कराना, ताकि सबके लिए सुरक्षित और सम्मानजनक आवास सुनिश्चित किया जा सके।

जनपद पंचायत सरायपाली में आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल ने एक हितग्राही का सर्वेक्षण आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने उपस्थित सभी ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अनिवार्य रूप से अपना सर्वेक्षण करवाएं, जिससे कोई भी पात्र परिवार इस महत्वपूर्ण योजना से वंचित न रहे। इस अवसर पर जनपद पंचायत के सीईओ, जनपद सदस्य उषा पटेल, प्रकाश पटेल, ग्राम पंचायत मोहदा के सरपंच, पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

शातिर चोर गिरफ्तार, साढ़े पांच लाख का माल जब्त

रायपुर। गुढ़ियारी पुलिस ने खमतराई थाना क्षेत्र में अलग-अलग आधा दर्जन घरों में चोरी करने के आरोप में एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस ने साढ़े पांच लाख रुपए के घरेलू सामान, सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी जब्त की है। चोरी के आरोप में पुलिस ने जागेश उर्फ जग्गू चौहान को गिरफ्तार किया है।

तस्कर पकड़ा गया, 60 हजार का गांजा जब्त

रायपुर। ग्राहक की तलाश में थैले में गांजा लेकर घूम रहने मुंगेली के तस्कर को गंज पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी से 60 हजार का गांजा बरामद किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नहरपारा इलाके में एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है। इस आधार पर पुलिस टीम घटना स्थल पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी संदीप श्रीवास पहले तो बहाना बनाता रहा, मगर बाद में उसने आरोप स्वीकार लिया। आरोपी के खिलाफ 20 बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

ट्रैफिक पुलिस जवानों को इलेक्ट्राल पावडर वितरित

रायपुर। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने चौक-चौराहों पर यातायात ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को गर्मी से राहत एवं डिहाईड्रेशन से बचाव के लिए इलेक्ट्रॉल पाउडर एवं छतरी वितरण किया। इस दौरान सभी अधिकारी कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान गर्मी से बचाव के लिए सामग्री रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी डॉ. प्रशांत शुक्ला, डीएसपी सतीश ठाकुर एवं गुरजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

छग पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा को कैट ने दी बधाई



रायपुर। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा को कार्यभार ग्रहण करने पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के पदाधिकारियों ने उनसे मुलाकात की। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमैन मगेलाल मालू, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिंदर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी।

प्रधानमंत्री फसल बीमा में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय पुरस्कार

रायपुर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के शानदार प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिली है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 12वीं राष्ट्रीय समीक्षा बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ को देश के बड़े राज्यों की श्रेणी में आज सेकेंड बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्य के मोहला-मानपुर-चौकी और सक्ती को भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बेस्ट परफॉर्मिंग जिला चुना गया है। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन 18-19 अप्रैल 2025 को तिरुवनंतपुरम (केरल) में आयोजित हो रहा है।

नई एंबुलेंस टेंडर प्रक्रिया पर उठने लगे सवाल, 375 वाहनों के लिए मांगा 10 करोड़ ईएमडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- पिछली बार 3 सौ एंबुलेंस के लिए 50 लाख रुपए निर्धारित थी ईएमडी
- नये टेंडर में विसंगति, छोटी कंपनियों को बाहर करने के लगाए जा रहे आरोप

सीजीएमएससी द्वारा एंबुलेंस सुविधा के संचालन के लिए जारी किए गए टेंडरों पर सवाल उठने लगे हैं। आरोप लगाया जा रहा है कि छोटी कंपनियों को टेंडर से बाहर करने के लिए विसंगतिपूर्ण नियम बनाए गए हैं। पिछली बार एंबुलेंस संचालन कंपनी तय करने 3 सौ एंबुलेंस के लिये 50 लाख रुपये अर्नेस्ट मनी डिपाजिट की शर्त थी।

इस बार 375 एंबुलेंस के संचालन के लिए 10 करोड़ ईएमडी का नियम रखा गया है, वहीं दूसरे पेज में 6 करोड़ का उल्लेख किया गया है। जारी किए नये टेंडर में पिछली बार यानी वर्ष 2019 की प्रक्रिया की तुलना में इस बार अस्ष्ट शर्ते होने के साथ कई विसंगति होने का आरोप है। सूत्रों का कहना है कि 375 एंबुलेंस के लिए 10 करोड़ ईएमडी का उल्लेख एक पेज में, जबकि दूसरे में 6 करोड़ का उल्लेख है, जो भिन्नता को दर्शाता है। साथ ही एंबुलेंस सेवा की अर्नेस्ट मनी डिपाजिट की बड़ी राशि पर भी सवाल खड़े किये जा रहे हैं। इसके अलावा पूर्व में 10 फीसदी एएलएस सहित सौ एंबुलेंस के संचालन के नियम को बदलकर 5 साल का अनुभव, जिसे 3 साल 3 सौ एंबुलेंस के संचालन अनुभव का जिक्र किया गया है। कॉल सेंटर की क्षमता को 20 से बढ़ाकर 30 सीट और 3 साल का अनुभव होने की शर्त रखी गई है। पूर्व में तीन साल में 45 करोड़ के टर्नओवर का जिक्र था, जिसे बढ़ाकर 150 करोड़ औसतन टर्नओवर और 75 करोड़ का नेटवर्थ अनिवार्य किया गया है। आरोप है कि नियम में बदलाव से मध्यम और छोटे दर्जे की कंपनियां टेंडर से बाहर हो जाएंगी और बड़े टर्नओवर वाली कंपनी को इसका फायदा मिल जाएगा।

60 अंकों का खेल

सूत्रों का कहना है कि नियम के मुताबिक तकनीकी मूल्याकंन में 60 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले वित्तीय बोली के पात्र माने जाते हैं। नियम के मुताबिक कंपनियों के लिए अंक निर्धारित करने के लिए अलग-अलग काम की जानकारी मांगी गई है जो छोटी कंपनियों के पास संभव नहीं है। आरोप है कि नियम इस तरह बनाए गए हैं कि ज्यादातर कंपनियां टेंडर के लिए पात्र नहीं होंगी इसका फायदा किसी एक को दिए जाने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा रहा है।

कंसोर्टियम की संभावना खत्म

जानकार लोगो का कहना है कि नये टेंडर कंसोर्टियम की अनुमति नहीं दी गई है। यानी सेवाओं का संचालन करने के लिए तीन-चार संस्थाएं आपसी सहमति के तहत काम करती है। पिछले नियमों सहित अन्य राज्यों में इस सिस्टम को मान्यता प्रदान की गई है। एंबुलेंस के साथ एमएमएयू, हाट-बाजार परियोजनाओं में भी कंसोर्टियम को प्रतिबंधित किया गया है जो छोटी संस्थाओं को इस नियम से दूर करता है। इन आरोपों के बीच टेंडर के नियमों में पुनर्विचार की मांग की गई है।

प्रगतिशील सतनामी समाज के जिला स्तरीय जयंती एवं सम्मान समारोह में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, मेघावी छात्रों व समाज रत्नों का हुआ सम्मान

राजनीति के क्षेत्र में समाज की भागीदारी अहम जरूरी : कोशले

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा 18 अप्रैल को शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर एवं गुरु घासीदास बाबा की जयंती के शुरूआत करने वाले दादा नकुल देव ढीढी की जयंती तथा समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, मेघावी छात्रों समाज रत्नों की जिला स्तरीय सम्मान समारोह एलएल कोशले पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं संस्थापक प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की मुख्य अतिथि एवं एस आर बंजारे प्रदेश महासचिव की अध्यक्षता, तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पीएल कोसरिया, अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र, नूतन कुर्रे, जिलाध्यक्ष विजय के विशेष अतिथि के साथ ही समाज के वरिष्ठ जनों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

जिला स्तरीय सम्मान समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले सात विभूतियों के नाम से अलग अलग लोगों को सम्मान किया गया जिसमें गुरु घासीदास सम्मान से सतरेवल दास जोबा, गुरु अमरदास अध्यात्म सम्मान से साधु कुंजन दास पर्रीखार, गुरु बालकदास शौर्य सम्मान से दिनेश बंजारे, विजय बंजारे, हीरा जोगी, सोमनाथ टोंडेकर, नेतराम जांगड़े, भरत गेंड्रे को समाज के लिए नौ माह तक जेल में रहने पर दिया गया। इसी तरह मिनी माता महिला सशक्तिकरण सम्मान के लिए एस चंद्रसेन पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी, दादा नकुल देव ढीढी सम्मान के लिए समाज को संगठित एवं जागरूकता लाने के लिए गंगा प्रसाद कुरील भोरिंग, भारत रत्न डॉ बी आर अंबेडकर ज्ञान रत्न सम्मान में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा परीक्षा में लगातार छठवीं बार सफल होने वाले अजय मार्कंडेय लाखागढ़, टोमन सिंह मनहरे साराडीह को नायब तहसीलदार के पद में चयनित होने पर, डॉ ईपी चेलक सहायक प्राध्यापक एवं ईएनपी प्रभारी महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय एवं जिला से सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित होने वाले ढालेंद्र भारती कुकराडीह, भारती मांडले अमलीडीह शामिल हैं। सतनामी अधिवक्ताओं को भी उनके सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इसी प्रकार प्रतिभावान छात्र सम्मान में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा 2024 में 70% से अधिक अंक लाने वाले 48 छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने प्रेरित किया गया। जयंती एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि एल एल कोशले ने राजनीति में समाज की बढ़ती भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के लिए राजनीति जरुरी है। कार्यक्रम को एसआर बंजारे दिनेश बंजारे, अजय मार्कंडेय और राजनीतिक पदाधिकारियों ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में जिला भर के सामाजिक जनप्रतिनिधि व जिला ब्लॉक अठगंवा, ग्राम कमेटी के पदाधिकारी एवं एवं समाज जन उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त होने पर सहायक शिक्षक कुलेश्वरी को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्राथमिक शाला गुड़रूपारा एवं संकुल परिवार की ओर से सहायक शिक्षक कुलेश्वरी चंद्राकर को सेवानिवृत्ति के उपरांत भावभीनी विदाई दी गई। कुलेश्वरी चंद्राकर वर्ष 1987 से सतत सेवा में रही और उन्होंने बृजराज, इमलीभाठा, नयापारा दलदली रोड एवं गुडरूपारा जैसे विभिन्न शालाओं में अपने शिक्षकीय सेवाएं प्रदान की वह अपने संपूर्ण सेवा काल में मृदुभाषी भावनाओं से परिपूर्ण ईमानदार एवं कर्तव्य निष्ठ शिक्षिका के रूप में जानी गई।

विदाई समारोह में विशेष रूप से बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि यतींद्र राव, सीएससी सुरेंद्र चंद्राकर, प्रधान पाठक धारिता चंद्राकर, सुनीता भवालकर, कामिनी चंद्राकर, गोमती साहू, चंद्रकांत चंद्राकर, रामेश्वर साहू, लक्ष्मी लाल ब्रम्हे, दिलेश्वर साहू, ऋतु यादव सहायक शिक्षक एवं धनेश्वरी मानिकपुरी, धनेश्वरी यादव, शांति वैष्णव आदि पालक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भूपेश साहू ने किया। अंत में शाला विकास समिति अध्यक्ष यतींद्र राव ने शिक्षिका चंद्राकर को भागवत गीता प्रदान कर सम्मानित किया।

शराब घोटाला: अनिल टूटेजा के ठिकानों पर सीबीआई की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो हजार करोड़ से ज्यादा के शराब घोटाला में दिल्ली की सीबीआई टीम ने शुक्रवार को जेल में बंद सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टूटेजा के अलग-अलग ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई में सीबीआई की छह से ज्यादा टीम के शामिल होने की बात सामने आई है। छापे की कार्रवाई की सीबीआई ने किसी तरह से कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं की है। शराब घोटाला में अनिल टूटेजा को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए मंगलवार को जमानत दी है। जमानत मिलने के तीन दिन बाद सीबीआई टूटेजा के निवास में छापे की कार्रवाई करने पहुंची। छापे की कार्रवाई किस उद्देश्य के लिए की गई है, इसकी अब तक जानकारी नहीं मिल पाई है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी अनिल टूटेजा न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। इसकी वजह ईडी के साथ ईओडब्लू ने भी शराब घोटाला को लेकर अनिल टूटेजा को आरोपी बनाया है। टूटेजा के यहां कार्रवाई को देखते हुए आशंका व्यक्त की जा रही है कि सीबीआई आने वाले दिनों में शराब घोटाला से जुड़े अन्य लोगों के यहां छापे की कार्रवाई कर सकती है।

बिना पंजीयन वाले डाक्टरों से प्रैक्टिस कराने पर अस्पतालों पर होगी कार्रवाई, मांगी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मेडिकल काउंसिल में बिना पंजीयन वाले डाक्टरों से मरीजों का इलाज कराने वाले अस्पतालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तमाम अस्पतालों को नोटिस देकर अस्पताल में काम करने वाले डाक्टरों की सीजीएमसी में पंजीयन की जानकारी उपलब्ध कराने कहा है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों और होटलों में ओपीडी चलाने वालों पर भी विभाग ने गंभीरता दिखाई है। अक्सर यह बात सामने आती है कि विभिन्न गंभीर बीमारियों के इलाज के सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टर राजधानी सहित विभिन्न क्षेत्रों में होटलों सहित अन्य सार्वजनिक स्थान और निजी अस्पतालों में ओपीडी के माध्यम से मरीजों की जांच करते हैं। नियम के मुताबिक छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल में पंजीयन के बिना कोई भी डाक्टर राज्य के किसी भी कोने में मरीज की जांच और इलाज नहीं कर सकता।

ऐसी बात सामने आई है कि बाहरी डाक्टरों का सीजीएमसी में पंजीयन नहीं होता है, इसके बावजूद उनके द्वारा प्रैक्टिस की जाती है, जो गैरकानूनी है। स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले में गंभीरता दिखाई है और जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने ऐसे आयोजनों पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उनके द्वारा तमाम निजी अस्पतालों को निर्देशित किया गया है कि काम करने वाले तमाम डाक्टरों का मेडिकल काउंसिल का पंजीयन सहित अन्य जानकारी तीन दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जाए।

11 करोड़ का फसल बीमा, इसमें 2 करोड़ कमीशन डकारने की तैयारी : अंकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के सक्रीय कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि खरीफ वर्ष 2024 में फसल कटाई प्रयोग के पश्चात हुए सर्वे उपरांत थ्रेस होल्ड पद्धति के तहत सात सालों का फसल कटाई पश्चात आए उपज से मिलान करने पश्चात औसत फसल की कमी को देखते हुए फसल बीमा का लाभ प्राप्त होता है । इसी कड़ी में बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत आने वाली बागबाहरा तहसील के लगभग 75 गांवों के लगभग 11 हजार खसरे को लगभग 7 करोड़ 10 लाख रुपए और कोमाखान तहसील अंतर्गत लगभग 7 हजार खसरे को लगभग 62 गांवों के 3 करोड़ 47 लाख रुपए लगभग प्राप्त हुए हैं ।

अंकित ने बताया कि बागबाहरा तहसील अंतर्गत निम्न गांवों में फसल बीमा आया है इसमें कुछ गांव में सिंचित असिंचित दोनों में आया है कुछ में सिर्फ सिंचित और कुछ में सिर्फ असिंचित रकबे को मिला है आमाकोनी, आमानारा, अमुर्दा, अवराडबरी, अनवरपुर, अरंड, बागबाहरा, बागबाहरा कला, बरबसपुर, बेलर, भानपुर, बिहाझर, बोडराबांधा, बोहारडीह, बोईरगांव, चरौदा, छुईहा, चुरकी, दावपाली, दावनबोड, धामनतोरी, धरमपुर, धौराभांटा, डोकरपाली, धोढ़ , डोंगरीपाली, डूमरडीह, फुलवारी कला, फुलवारी, गबौध, गाड़ाघाट, घुंचापाली, घुंचापाली कला, हाड़ाबंद, हरनादादर,हाथीगढ़, हिच्छा, जामली, जोरातराई, कमरौद, कन्हारपुरी, कसहीबाहरा, खल्लारी,खम्हारिया, खोपली, खुसरुपाली, ख़ुटेरी, कोलदा, कोमा, कुर्रुभाटा, लालपुर, लमकेनी, मामाभांचा, मोहंदी, मोहगांव, मोंगरापाली, ओंकारबंध, पचेड़ा, पड़कीपाली, पनकाडीह, पोटिया, रैताल, शंभर, सिरीपठारीमुडा, सोनपुट्टी, सुखरिदबरी, सुनसुनिया, तेंदुलोथा कला,तमोरा,तरपोंगी, तेलीबांधा, ठोंगा, तुपकबोरा, तुसदा इसी प्रकार कोमाखान तहसील में बामहनसरा, बनियातौरा, बंजारीडीह, बसुलाडबरी, भदरसी, भलेसर, भालुकुना, भटगांव, भिलाईदादर, घोइनाबहरा खुर्द, बोडरीदादर, बोइरगांव, चारभांटा, छिबर्रा, दरबेकेरा, देवरी, डोंगरगांव, डोंगरीपाली, द्वारतराकला, गाजर, घोटियापानी, जामगांव, जुनवानीखुर्द, कछारडीह, कारागुला, कसहीबाहरा, केरामुडा कला, खाड़ादरहा, खैरटकला, ख़ैरटखुर्द, खट्टी, खेमड़ा, खुरमुडी, कोचर्रा, कोकड़ी,कोमाखान, कुलिया, लोंदामुड़ा, लुकुपाली, मातगुड़ा, मोहबा, मोखा, मोगरापाली, मुनगासेर, नर्रा, नरतोरी, पल्सीपानी, पंदराचुवां, परकोम, परसुली, पतेरापाली, रेवा, सालडबरी, साल्हेभांटा, सरायपाली, सिमगांव, सेनभांटा, सोहागपुर, सुअरमार, टेढ़ीनारा, टेका, टुहलू आदि को फसल बीमा का लाभ मिल रहा है ।।

अंकित ने बताया कि 4 अप्रैल से जानकारी आ कर जिला कार्यालय में थी और प्राप्त जानकारी और कटाई प्रयोग की जानकारी का लाभ उठाकर कृषि विभाग के आरईओ, राजस्व विभाग, बीमा कंपनी के कर्मचारी और भाजपा के पूर्व जनप्रतिनिधि के साथ कुछ ग्रामीण जन मिलकर इस घोटाले को अंजाम देने में लगे हुए हैं। अंकित ने बताया कि जिन 14 ग्रामों में वसूली की जानकारी उनके पास आई है यदि उसमें उन्हें 20 प्रतिशत की वसूली हो जाती है तो ये रकम लगभग 1 करोड़ से ज्यादा पहुंचेगी और इस भ्रष्टाचार के पूरे 22 गांव यदि मिला लेंगे तो ये लगभग 2 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। अंकित ने बताया कि शीघ्र ही वो पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर से इस मामले की शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच और इन संबंधित क्षेत्र के आरईओ व बीमा कंपनी के कर्मचारियों के नार्को टेस्ट की जांच की मांग करेंगे।

5 से 31 मई तक लगेंगे समाधान शिविर, एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा

सुशासन तिहार से जागी उम्मीद, आवेदकों की पूरी होने लगी मांग, मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्यभर में शुरू हुए सुशासन तिहार का असर अब दिखने लगा है। छत्तीसगढ़ के शहरों से लेकर गांवों तक में लाखों लोगों ने इस अभियान के माध्यम से अपनी मांगें और शिकायतें सरकार तक पंहुचाईं। इसके बाद से ही सरकारी अमला मांगों और शिकायतों पर कार्यवाही में जुटा है।

प्रदेश के कई जिलों से अब आवेदकों की मांग पूरी होने की जानकारी मिली रही है। लोगों ने शासन की इस पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए गए हैं। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

आयुष्मान कार्ड चाहा था, बन गया

महासमुंद जिले में पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत जंघोरा निवासी मनोहर सिंह पटेल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन तकनीकी कारणवश उनका कार्ड नहीं बन पाया था, जिससे उन्हें योजना को लाभ नहीं मिल पा रहा था। सुशासन तिहार के मद्देनजर कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में उनके आवेदन को गंभीरता से लिया गया और मात्र 24 घंटे के भीतर समाधान कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा द्वारा 15 अप्रैल को सूचना दी गई कि उनका आयुष्मान कार्ड बनकर तैयार हो गया है और अगले ही दिन उन्हें कार्ड हाथों में प्रदान कर दिया गया।

महिला का बना श्रमिक कार्ड

श्रम विभाग में प्राप्त आवेदन में जिसमें नगर निगम राजनांदगांव के शीतला माता वार्ड निवासी भारती देवांगन की समस्या का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया गया और उन्हें तत्काल श्रमिक कार्ड बनाकर दिया गया। सुशासन तिहार अंतर्गत भारती देवांगन ने श्रमिक कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया था। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत श्रमपदाधिकारी कार्यालय राजनांदगांव में आवेदन किया गया था।

बैगा आदिवासी को मिली ट्राइसिकल

बिलासपुर जिले में कोटा ब्लॉक के ग्राम के ग्राम पंचायत करका निवासी मंगल सिंह बैगा को आवेदन देते ही महज 24 घंटे के भीतर ट्राइसाइकिल मिली। वे दिव्यांग पेंशन की पात्रता सूची में भी आ गए हैं जल्द ही उन्हें पेंशन भी मिलने लगेगी। सुशासन तिहार के मद्देनजर कलेक्टर श्री अवनीश शरण के मार्गदर्शन में उनके आवेदन को गंभीरता से लिया गया और उन्हें ट्राइसाइकिल दी गई। सुशासन तिहार के दौरान मंगल सिंह बैगा ने ट्राइसिकल और पेंशन के लिए आवेदन 10 अप्रैल को दिया था। उन्हें 11 अप्रैल को ही समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राइसिकल प्रदान करने की सूचना दी गई। लेकिन उन्होंने 15 अप्रैल को ट्राइसाइकिल लिया।

राशन कार्ड में जुड़ा नाम, अब मिलेगा राशन

बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक अंतर्गत धुरागांव निवासी शम्भूनाथ कश्यप के परिवार में पहले केवल दो सदस्य माता समली कश्यप और वह स्वयं ही थे लेकिन तीन वर्ष पहले विवाह होने के बाद पत्नी महादई कश्यप और दो साल का बेटा प्रभात भी अब परिवार में सदस्य हैं। इन दोनों का नाम उन्हें प्रदत्त प्राथमिकता राशनकार्ड में शामिल नहीं था। इसे देखते हुए शम्भूनाथ ने राशनकार्ड में अपनी पत्नी और बेटे का नाम जुड़वाने के लिए सुशासन तिहार के अंतर्गत 11 अप्रैल को आवेदन ग्राम पंचायत में जमा किया था, उक्त आवेदन पर एक सप्ताह के भीतर ही कार्यवाही कर राशनकार्ड में नाम जोड़कर उसे नया राशनकार्ड प्रदान कर दिया गया।

ड्राइविंग लाइसेंस मिला

इसी क्रम में रायपुर जिले के ग्राम सांकरा निवासी विकास मिश्रा ने ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उन्हें विश्वास था कि सुशासन तिहार के तहत उनकी मांग पर शीघ्र कार्रवाई होगी। आवेदन प्राप्त होते ही परिवहन विभाग द्वारा श्री मिश्रा से संपर्क किया गया। उन्हें विभागीय कार्यालय बुलाकर आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूर्ण करवाई गई और ड्राइविंग टेस्ट लिया गया। सभी औपचारिकताओं के उपरांत उनका लर्निंग लाइसेंस जारी कर किया गया।

खबर संक्षेप

सुशासन तिहार में निगम को 17119 मांगें और 2478 शिकायतें मिलीं

रायपुर। सुशासन तिहार के तहत रायपुर नगर निगम को अब तक कुल 19 हजार 597 आवेदन किए गए हैं। इन आवेदनों में 17119 मांगें और 2478 शिकायतें की गई हैं। इन मांगों और शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही अधिकारियों द्वारा की जा रही हैं। शहर के सभी 70 वार्डों में सुशासन तिहार के पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल शिविर लगाकर लोगों के मांग और समस्या से संबंधित आवेदन लिए गए हैं। दूसरे चरण में इन आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। इस अभियान का तीसरा चरण 5 मई से शुरू होकर 31 तक चलेगा। इस दौरान समाधान शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें आवेदन करने वाले लोगों को उनकी मांग व शिकायतों का किए गए निराकरण की पूरी जानकारी दी जाएगी। शिविर में आए आवेदनों में कई शासकीय विभागों से सम्बंधित मांगे और शिकायतें आई हैं। इनमें 6817 मांगों और 665 शिकायतों को संबंधित विभागों को निराकरण करने के लिए भेजा गया है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने पकड़ी गड़बड़ी, जिला कार्यक्रम अधिकारी निलंबित

रायपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बालोद जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी किशन टंडन क्रांति को कर्तव्यों में घोर लापरवाही और विभागीय योजनाओं के संचालन में गंभीर अनियमितताओं के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस आशय का आदेश विभाग ने जारी कर दिया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विगत 15 अप्रैल को बालोद दौरे के दौरान शासकीय योजनाओं एवं आमजनों की सुविधा को देखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का निरीक्षण किया था, जिसमें कई खामियां उजागर हुईं। श्रीमती राजवाड़े के निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री टंडन जिला मुख्यालय से अनुपस्थित पाए गए, जबकि यह अपेक्षित था कि वह स्वयं मंत्री के दौरे के समय उपस्थित रहकर कार्यक्रमों की प्रगति प्रस्तुत करें।

लापरवाही : जंगल में वन्यजीवों की बुझती सांसें, वन अधिकारियों के बयानों से उठते सवाल

चीतल की मौत पर वन विभाग की लीपापोती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)

वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 230, गिरना जंगल की आग अब सिर्फ वृक्षों को ही नहीं, बल्कि वन विभाग की साख को भी खाक कर रही है। हाल ही में इसी जंगल में मृत अवस्था में मिले एक नर चीतल की घटना अब कई सवालों को जन्म दे रही है। क्या चीतल की मौत वाकई हिंसक जानवर के हमले से हुई या यह भीषण आग का शिकार हुआ? और सबसे अहम वन विभाग इस पूरे मामले को क्यों छुपाना चाहता है?

बीते गुरुवार को जंगल में आग बुझाने के दौरान दुर्गंध आने पर वन कर्मचारियों को एक नर चीतल का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। शव कम से कम तीन दिनों से पड़ा हुआ था और उस पर कीड़े पड़ चुके थे, कुछ मांसाहारी पक्षी और जानवर इसे खा रहे थे। पहले दावा किया गया कि चीतल की मौत तेंदुए के हमले से हुई, लेकिन जब हरिभूमि समाचार पत्र में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित हुई, तो कहानी पलट गई।

उप वनमंडलाधिकारी यूआर बसंत ने पहले स्पष्ट रूप से कहा था कि यदि किसी वन्यप्राणी की मौत मांसाहारी जानवर के हमले से होती है, तो नियमानुसार उसके शव को जला या दफनाया

गिरना के जंगल में मिला नर चीतल का क्षत-विक्षत शव

भीषण आग से धधक उठा गिरना उपवन परिक्षेत्र 5 दिनों से सुलग रहा जंगल, विभाग मूकदर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)

वन्य जीव के जान खतरे में गिरना जंगल में मिला मृत चीतल

वन परिक्षेत्र पिथौरा के ग्राम गिरना के कक्ष क्रमांक 230 के जंगल में गुरुवार को एक नर चीतल मृत अवस्था में पाया गया। चीतल का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में जंगल के भीतर पड़ा हुआ था, जिसकी जानकारी तब मिली जब वनकर्मी जंगल में लगी आग को बुझा रहे थे और उन्हें दुर्गंध का अहसास हुआ। सूत्रों की मानें तो वन विभाग इस मामले को दबाने की कोशिश में जुटा था और मीडिया तक जानकारी न पहुंचे इसके लिए, तमाम कोशिश कर चुपचाप इसे निपटाने की तैयारी कर रहा था। लेकिन जागरूक ग्रामीणों की सतर्कता के चलते यह मामला सामने आया। गौरतलब है कि हाल ही में हरिभूमि समाचार पत्र में 'भीषण आग से धधक उठा गिरना उपवन परिक्षेत्र, 5 दिनों से सुलग रहा जंगल, विभाग बना मूकदर्शक' शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई थी। उसी जंगल में अब एक वन्यजीव की मृत्यु ने विभाग की लापरवाही पर और सवाल खड़े कर दिए हैं। जंगल में आग लगने के मामले में सूत्रों का कहना है कि आग से हुए नुकसान के मूल्यांकन को लेकर विभाग के अधिकारी चंद रकबे की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं, ताकि उच्च अधिकारियों के सवालों और कार्रवाई से बचा जा सके। इस संबंध में उप वनमंडलाधिकारी यूआर बसंत ने जानकारी देते हुए बताया कि मृत वन्यप्राणी नर चीतल था, और उसका पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, यह चीतल तेंदुए के हमले में मारा गया। उन्होंने बताया कि विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार, यदि किसी वन्यजीव की मौत मांसाहारी जानवर के हमले से होती है, तो उसके अवशेषों को जंगल में उसी स्थान पर छोड़ दिया जाता है, ताकि वह मांसाहारी जीवों के लिए भोजन बन सके। हालांकि विभाग का यह बयान अपनी जगह, लेकिन जंगल में कई दिनों तक लगी आग, विभाग की निष्क्रियता और अब वन्यजीव की रहस्यमयी मौत इन सबने मिलकर एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या यह केवल तेंदुए का हमला था या फिर विभागीय लापरवाही का नतीजा।

नहीं जाता बल्कि उसे उसी स्थान पर यथावत छोड़ दिया जाता है ताकि वह हमलावर जीव का भोजन बन सके। लेकिन समाचार प्रकाशन के बाद विभाग ने नियमों के विरुद्ध जाकर चीतल के शव को जला दिया। बाद में उप वनमंडलाधिकारी ने अपने ही पहले बयान से पलटते हुए कहा, "खबर प्रकाशित होने के बाद चीतल को जलाया गया।" यह बयान खुद

विभागीय प्रक्रिया और पारदर्शिता पर सवाल उठाता है कि अगर वास्तव में इस नर चीतल की मौत हिंसक जानवर के हमले से हुआ था तो उसे जलाया क्यों गया।

हरिभूमि के संवाददाता ने दोबारा मौके पर पहुंचकर जंगल का निरीक्षण किया, जहां चीतल के जले हुए अवशेष साफ तौर पर मिले। यह प्रमाण है कि शव को यथास्थिति में छोड़ने की बजाय नियमों को ताक पर रख कर आनन-फानन में जला दिया गया, शायद इसलिए ताकि असल कारण और विभागीय लापरवाही सामने न आ सके।

मृत चीतल के शव में पड़ चुके थे कीड़े

चीतल का पोस्टमॉर्टम करने वाले पशु चिकित्सक डॉ. डीएन पटेल ने बताया कि शव सड़ चुका था और उसमें कीड़े पड़ चुके थे। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि गर्दन पर चोट के निशान किसी हिंसक जानवर के हमले की ओर इशारा करते हैं, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि ऐसे मामलों में पोस्टमॉर्टम की जरूरत नहीं होती। फिर भी विभाग के आग्रह पर पोस्टमॉर्टम किया गया। अब यहां सवाल यह भी उठता है कि आखिर जबरदस्ती क्यों पोस्टमार्टम कराया गया, क्या यहां के वन अधिकारियों को अनुभव की कमी है या दाल में कुछ काला है। क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कि जिस डिप्टी रेंजर को रेंजर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, उसके कार्यकाल में जंगल में आगजनी की घटनाएं बेतहाशा बढ़ी हैं। विभागीय समन्वय की कमी और अनुभवहीनता के कारण न सिर्फ पेड़-पौधे, बल्कि वन्य जीवन भी संकट में है। इस पूरी घटना ने वन विभाग की कार्यशैली, पारदर्शिता और संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या विभाग सच में वन्य जीवन की रक्षा में सक्षम है? क्या चीतल की मौत की निष्पक्ष जांच होगी? और सबसे जरूरी क्या दोषियों की पहचान कर उन पर कार्रवाई होगी? वन्यप्रेमियों ने मांग है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों को तत्काल बर्खास्त किया जाए। साथ ही जंगल की आग को गंभीरता से लेकर वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

आंगनबाड़ी में मनाया गया सुपोषण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

वार्ड 24 कुमार पारा डॉ राधा कृष्णा में आंगनबाड़ी में सही पोषण देश रोशन के तहत सुपोषण दिवस बनाया गया। जिसमें बच्चों की वजन जांच एवं ऊंचाई की जांच की गई। साथ ही उन्हें खीर पूड़ी दिया गया। इस प्रकार से बच्चों को कुपोषण से बचाया जा रहा है। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व वर्तमान पार्षद पवन पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बच्चों को सही समय में सही आहार देकर कुपोषित होने से बचाया जा रहा है। उनका वार्ड नंबर 24 के पार्षद निर्वाचित होने पर साल एवं श्रीफल देकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धनमती बघेल, पूर्णिमा ठाकुर ने

सम्मान किया और आंगनबाड़ी में नल कनेक्शन लगाने एवं बाउंड्रीवाल व आंगनबाड़ी में टाइल्स लगने हेतु आवेदन दिया।

इस अवसर पर वार्ड रंभा जगत एवं वार्डवासी संतरा दीप, उषा दीप, तुकेश्वरी साहू, सातो साहू, मिश्री साहू, दुलेश्वरी मानिकपुरी, ममता चंद्राकर, पर्मिला जगत, कला सिन्हा, कुसुम पटेल, कृष्णा बाई पटेल, मीरा कुलदीप, सोनू साहू उपस्थित थे।

गार्डन में लगे सामान क्षतिग्रस्त, राठी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने गुरु गोविंद सिंह गार्डन और चौपाटी का औचक निरीक्षण किया। गुरु गोविंद सिंग गार्डन में झूला ओपन जिम के अधिकांश सामान टूटे पाए गए। बैठक की बैंच भी टूट गई है। गार्डन के पीछे हिस्से में लाईट नही है। पानी के लिए दो नल है वे भी टूट गए हैं। गार्डन में चार लोग साफ-सफाई के लिए दिन में जाते है लेकिन गंदगी से भरा हुआ है। गार्डन के कोने में बोर है, पौधो में पानी डालने के लिए पाइप लाइन की भी जरूरत है। प्रवेश द्वार की एलईडी लाईट भी बंद है। गार्डन के अंदर स्वीमिंग का पानी वर्षों से नहीं बदला गया, पानी काला व गंदा हो चुका है।

आठ फीट नीचे छह इंच की मोटी काई जम गई जिसकी सफाई आवश्यक है।

इसी तरह चौपाटी के बोर का स्टार्टर खराब पड़ा है, दुकानें धूल खा रही है। बिजली की पर्याप्त व्यवस्था नही है। सीएमओ को पत्र लिखकर निर्देश दिया गया कि गुरु गोविंद सिंग गार्डन एवं चौपाटी की व्यवस्था में सुधार तत्काल कराए, छोटे बच्चे गार्डन जाते है, कभी बडा हादसा हो सकता है झूला, बैच, जिम के सामानों की मरम्मत एवं लिटें ठीक कराए, नल टूटे पड़े हैं जिससे आने जाने वाले गर्मी में पानी नहीं पी सकते हैं उसे तुरंत सुधारा जाए। छोटे-छोटे कामों की ओर ध्यान देने की जरूरत है । चौपाटी की दुकानों की नीलामी करने से नगर पालिका की आय बढ़ेगी तथा दुकानें व्यवस्थित लग पाएगी। चौपाटी के बोर का स्टार्टर को सुधारने से बोर चालू हो जायेगा और राठी ने कहा कि सैकड़ों लोग प्रतिदिन गार्डन एवं चौपाटी मे आते है। इसलिए तत्काल सुधार कराया जाए। गार्डनों की मॉनिटरिंग करने के लिए प्रभारी को प्रतिदिन देखने के लिए आना चाहिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी समय समय पर निगरानी करना चाहिए। निरीक्षण के वक्त भाजपा नेता शरद राव, रोशन बग्गा, गौरव राठी, गुलशन राठी, सार्थक साहू, उपस्थित रहे।

सद्गुरु कबीर साहेब ग्रंथ सत्संग भजन आयोजन हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

बसना ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बरोली में पूज्य मानिकपुरी पनिका समाज के तत्वावधान एवं ग्राम वासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय सद्गुरु कबीर साहेब ग्रंथ सत्संग भजन का आयोजन संपन्न हुआ।

बता दें कि पूज्य मानिकपुरी समाज बरोली के द्वारा परम पूज्य सतकबीर साहेब की कृपा से ग्रंथ सत्संग भजन का आयोजन दिनांक 16 अप्रैल से शुभारंभ किया गया। प्रथम व द्वितीय दिवस सद्गुरु कबीर ग्रंथावली पर पंडवानी के तर्ज़ पर व्याख्यान देते हुए बहन त्रिवेणी साहू भिंभौरी जिला बेमेतरा के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। सद्गुरु कबीर साहेब के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। बहन त्रिवेणी साहू के सुमधुर गीत सुनकर श्रोता गण मंत्र मुग्ध हो गये। टाटा बिलासपुर के कबीर भजन गायक खोलबाहरा दास, परमेश्वरी महंत, रामप्रसाद शीतलपुर के द्वारा कबीर भजन गाकर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। जाति पांति, ऊंच नीच, पाखंड आडंबर के प्रखर विरोधी मानव समाज में सामाजिक समरसता, शांति सद्भावना, भाईचारा का संदेश देने वाले अखंड ब्रम्हांड के मालिक सत्पुरुष परम पूज्य आद सतकबीर साहेब का संदेश भजन सत्संग के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया। संत लखन मुनि साहेब

ने सद्गुरु कबीर साहेब की महिमा के विषय पर अपने विचारों को व्यक्त किया। सेवक दास दीवान जिलाध्यक्ष ने कहा कि सद्गुरु कबीर पंथ एक विचार है सात्विक जीवन जीने का मार्ग है। हम सभी सद्गुरु के जीवन दर्शन को समझें और आत्मसात करें और उनके बताये हुए राह पर चलें।

मानिकपुरी पनिका समाज के द्वारा आयोजित ग्रंथ सत्संग के प्रथम दिवस पर पधारे मोक्ष प्रधान जिला पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत बरोली की सरपंच सरोजिनी कौशिक, प्रताप रूद्र साहू पंच, हीरालाल पटेल पंच, मखियारिन चौहान पंच, डॉ जय किशन कौशिक, भुवनेश वैष्णव, तुलसी दास मानिकपुरी ब्लॉक अध्यक्ष सरायपाली एवं गणमान्य नागरिकों को अंग वस्त्र श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। द्वितीय दिवस पर बसंत पंडा, सेवक दास दीवान जिलाध्यक्ष मानिकपुरी पनिका समाज, नेमीदास प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ व उपस्थित अतिथियों को सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर पधारे महंत लखन मुनि साहेब प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला, आरके दास पत्रकार, अभय धृतलहरे पत्रकार, अरूण साहू पत्रकार, संतोष साव पोस्ट मास्टर, कमलकांत चौहान, जगदीश दास राजन संभागीय प्रभारी, मलिन दास ब्लॉक अध्यक्ष, शरण दास प्रदेश प्रवक्ता, संत कुमार दास, महेश दास महंत, ब्रजबिहारी दास परिक्षेत्र अध्यक्ष, महेश दास परिक्षेत्र अध्यक्ष संकरी, अश्विनी दास सहित सामाजिक जनों का स्वागत अभिनंदन किया गया। उक्त अवसर प्रतिदिन कबीर पंथ के अनुयायी एवं श्रद्धालु सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में प्रकाश दास, सुफल दास, संजय दास, ननकी दास, चमरू दास, रमेश दास, गुणसागर दास सहित समाज का प्रमुख योगदान रहा। सत्संग भजन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन अनिल दास ने किया गया।

केंद्रीय कुंभकार समाज की वार्षिक सभा हुई

नर्रा। केंद्रीय कुंभकार समाज द्वारा वार्षिक सभा का आयोजन किया गया जिसमे मुख्यअतिथि के रूप में जिला पंचायत महासमुंद उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर सम्मिलित हुए इस दौरान समाज को संबोधित करते हुए सामाजिक एकता बनाए रखने के साथ साथ सभी को साथ लेकर चलने की बात कही उन्होने ने समाज द्वारा अपना पूर्ण सहयोग और समर्थन के साथ विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका कुंभकार समाज बताया आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर कुंभकार समाज केंद्रीय अध्यक्ष बृजलाल राणा, उपाध्यक्ष मोरजध्वज चक्रधारी, पवन चक्रधारी, युवा उपाध्यक्ष रजीत चक्रधारी सचिव जेठू चक्रधारी सहित सर्कल के अध्यक्ष अमृत राणा बिंद्रावन, सर्कल अध्यक्ष खेमड़ा कार्तिक चक्रधारी, सर्कल अध्यक्ष फरौदा नंदू चक्रधारी सहित बडी संख्या में मातृ शक्ति एवं कुंभकार समाज के प्रमुख पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधुजन उपस्थित रहे।

स्कूल में एटीएल ओपन डे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

डॉ. भीमराव अंबेडकर के 'शिक्षा, समानता और अवसर सबके लिए' के स्वप्न को साकार करने की दिशा में अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) में कम्युनिटी सप्ताह के समापन दिवस पर एटीएल ओपन डे का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में एवं एटीएल प्रभारी चंद्रशेखर मिथलेश के संयोजन में सम्पन्न किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

इस अवसर पर कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान और तकनीक को केवल पुस्तकीय रूप में नहीं, बल्कि प्रयोग और अनुभव के स्तर पर भी जाना। बच्चों ने टेलीस्कोप, 3डी प्रिंटर, ऑप्टिकल फाइबर, डिजिटल कैथोड रे ट्यूब, मृदा परीक्षण किट, पीएच कैलकुलेटर, सोल्डरिंग स्टेशन, ड्रिलिंग मशीन और सिलाई मशीन जैसे उपकरणों का प्रत्यक्ष अवलोकन और उपयोग किया। टेलीस्कोप से दूरवर्ती वस्तुओं का अवलोकन करते हुए बच्चों ने अंतरिक्ष विज्ञान की कल्पना की, वहीं 3डी प्रिंटर पर निर्माण की प्रक्रिया को देख कर उन्होंने नवाचार की दिशा में रुचि दिखाई। सीआरओ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एलईडी, ट्रांजिस्टर और डायोड के ग्राफिक व्यवहार को देखकर बच्चों में इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रति गहरी जिज्ञासा जागी।

एटीएल एंबेसेडर डिगेश सेन ने आर्डयूनो पर एलईडी ब्लिंकिंग प्रोग्रामिंग का सजीव प्रदर्शन कर बच्चों को कोडिंग से परिचय कराया, जिससे उन्हें तकनीक से जुड़ने का व्यावहारिक अवसर मिला।

एटीएल की इनोवेशन लाइब्रेरी में बच्चों ने पुस्तकों और तकनीकी मैगजीन का आनंद लेते हुए ज्ञान के साथ-साथ जिज्ञासा और कल्पनाशीलता को भी विस्तार दिया। यह अनुभव उन्हें विचारों से कार्यान्वयन की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम की जानकारी जैसे ही समाचार पत्रों और जनसंपर्क माध्यमों से अभिभावकों तक पहुंची, वे भी अपने बच्चों के साथ अटल लैब का अवलोकन करने पहुँचे और तकनीकी गतिविधियों में रुचि दिखाई।

गुडरूपारा निवासी मेघा नासरे ने भावुक होकर कहा –₹हमने सोचा भी नहीं था कि ऐसी तकनीकी दुनिया हमारे गांव-कस्बों में भी सुलभ हो सकती है। यह लैब हमारे बच्चों के सपनों की जमीन बन सकती है।₹ प्रशिक्षक वेद प्रकाश पटेल (आईसीटी, आशीबाई गोलछा पूर्व माध्यमिक शाला) एवं शिक्षिका सीमा जैन (शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कांपा) ने भी बच्चों के साथ उपस्थित होकर सहभागिता को और प्रभावी बनाया। कार्यक्रम में सहभागी शिक्षकों एवं संस्था प्रमुखों में से उर्मिला मरकाम (प्रधान पाठिका, श्रीराम पाठशाला), सुशील शर्मा (प्रधान पाठक, स्टेशन शाला) एवं संकुल समन्वयक पवन साहू (आदर्श कन्या विद्यालय, महासमुंद) के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया।

इस आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें एटीएल स्कूल के साथ-साथ गैर-एटीएल (नॉन-एटीएल) स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह आयोजन न केवल बच्चों के भीतर वैज्ञानिक सोच और नवाचार की संस्कृति को विकसित कर रहा है, बल्कि डॉ. अंबेडकर के उस स्वप्न को भी साकार कर रहा है जिसमें वे शिक्षा को समानता और सशक्तिकरण का सबसे बड़ा साधन मानते थे।

सुशासन तिहार : पतेरापाली की युगेश्वरी के जीवन में नई सुबह की किरण

महासमुंद। सुशासन तिहार सरकारी योजनाओं का प्रचार नहीं, बल्कि उन योजनाओं को धरातल पर उतारने का एक जनसहभागिता से परिपूर्ण अभियान है। इसका मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को पारदर्शी, त्वरित और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। पिथौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अमलीडीह के आश्रित ग्राम पतेरापाली की निवासी युगेश्वरी ध्रुव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान के लिए सुशासन तिहार के दौरान आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी इस आवश्यक मांग को प्रशासन ने प्राथमिकता से संज्ञान में लिया। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए 'मोर द्वार साय सरकार' अभियान के तहत टीम तुरंत उनके घर पहुंची। त्वरित सर्वेक्षण के बाद यह स्पष्ट हुआ कि वे योजना की पात्र हैं। उनका नाम आवास प्लस सर्वे 2.0 में दर्ज कर लिया गया। वर्षों से एक पक्के घर का सपना संजोए बैठी ध्रुव की आंखों में अब उम्मीद की चमक है। वह सपना, जो कभी दूर और धुंधला लगता था, अब सरकार की पहल से एक नई सुबह की तरह उनके जीवन में उजाला भरने को तैयार है। अब वह दिन दूर नहीं जब उनका आशियाना केवल एक कल्पना नहीं, बल्कि जीती-जागती सच्चाई होगा। गौरतलब है कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पूरी सजगता और तत्परता से कार्य कर रहा है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- चक्कर की जाँच
- एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- (Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

राजिम में सुफल भगत जयंती आज

महासमुंद। कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजिम राज के तत्वावधान में 20 अप्रैल को कंडरा समाजिक भवन मेला मैदान राजिम में संत सुफल भगत जयंती कार्यक्रम आयोजित है।
जयंती कार्यक्रम मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, विशिष्ट अतिथिगण चंद्रशेखर साहू, पूर्णिमा चंद्राकर, तुषार कदम, जानकी पटेल, नरोत्तम ठाकुर, भारत यादव, अंजनी निषाद, बलराम निषाद, आकाश राजपूत, सुरेश पटेल, टंकेश्वर सोनकर, अजय पटेल, सुमित्रा निराला, मंशा कुर्रे, कुलेश्वर साहू, रेखा कुलेश्वर साहू। जयंती कार्यक्रम में कंडरा समाज के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत सहयोग राशि से यह कार्यक्रम आयोजित है। जयंती कार्यक्रम दिवस में सॉस्कृतिक कार्यक्रम प्रातः11 बजे से कचना धुरवा मॉदरी लोक नृत्य उत्तर बस्तर कॉकेर, कोयलिया रेला पाटा सिरसिदा (कुरुद), कमार आदिवासी नृत्य दल देवरी (छुरा), आदिवासी नृत्य दल कुरुद, पंडवानी भजन पुनाबाई रमेश बंसोड़ खट्टी द्वारा कार्यक्रम किया जायेगा तथा दोपहर भोजन प्रसादी के बाद संध्या 4 बजे विशाल शोभा यात्रा का आगाज किया जाएगा। उक्त जानकारी पूर्व सचिव जगदेव कंडरा बंगोली-मिडिया प्रभारी ने दी है।

केंद्रीय विद्यालय में हुआ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

महासमुंद। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में बालवाटिका 3 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभविद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल और अभिभावकों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सुमधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की स्नाकोत्तर शिक्षिका रोहिता बंसोड़ ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि केंद्रीय विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था है, जहां विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुआ कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा के आधारभूत स्तर पर विशेष जोर दिया गया है। बालवाटिका विद्यार्थियों के शिक्षण का महत्वपूर्ण चरण है जिसमें बच्चों के देखभाल एवं शिक्षा में सभी का सहयोग आवश्यक है। इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को लेखन सामग्री, चॉकलेट और पुष्प प्रदानकर स्वागत किया गया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों को स्वागत के रूप में प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित ग्रीटिंग कार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक प्रभात देवांगन, वंदिनी जौहरी, सूर्यकमार साहू, विजेता, प्रकृति श्रीवास्तव, लाकेश्वरी साहू, दीक्षा चंद्राकर, स्वाति जगत उपस्थित रहे।

पंचायत सचिवों की हड़ताल समाप्त, कल से शुरू करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिवों द्वारा विगत एक माह से जारी शांतिपूर्ण आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा कर दी गई है। यह निर्णय प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से हुई सकारात्मक चर्चा और सहमति के उपरांत लिया गया।

प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा द्वारा जारी पत्र के अनुसार, सचिवों की प्रमुख मांगों पर शासन से सकारात्मक आश्वासन प्राप्त हुआ है, जिसके चलते आंदोलन को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष पैकरा ने स्पष्ट किया कि उपरोक्त सहमतियों के आलोक में हड़ताल को आगामी अवधि तक स्थगित किया गया है।

मुख्य सहमति बिंदु निम्नानुसार हैं

सचिवों के शासकीयकरण को लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गठित समिति जनवरी 2026 तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।, सेवा अवधि, अनुभव, कार्यकुशलता एवं विशेष प्रदर्शन के आधार पर पदोन्नति प्रक्रिया को सुनिश्चित किया जाएगा।, चयनित सचिवों को नियमित वेतनमान के अंतर्गत चिकित्सा प्रतिपूर्ति की सुविधा प्रदान की जाएगी।, वेतन विसंगति एवं एरियर भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, ग्राम पंचायतों में कार्यों के निष्पादन हेतु सचिवों की स्वीकृति आवश्यक मानी जाएगी।

स्थानीय स्तर पर भी तैयारियां प्रारंभ

ब्लॉक अध्यक्ष मुरली साव ने जानकारी दी कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा हड़ताल समाप्ति की सूचना प्राप्त हो चुकी है, शनिवार,रविवार अवकाश होने के कारण आगामी सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद), तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को लिखित सूचना दी जाएगी। इसके उपरांत सभी पंचायत सचिव अपने-अपने ग्राम पंचायत मुख्यालय में उपस्थिति दर्ज कर कार्य प्रारंभ करेंगे।

समस्या : एक भी लाइट नहीं जल सकी, चार खंभे गिर चुके

स्ट्रीट लाइट्स बनीं शो-पीस करोड़ों की योजना फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत लहरौद और लाखागढ़ में करोड़ों की लागत से लगाए गए स्ट्रीट लाइट खंभे अब शो-पीस बनकर रह गए हैं। अंधेरे से राहत देने के नाम पर डीएमएफ फंड से पानी की तरह पैसा बहाया गया। लेकिन, आज तक एक भी लाइट जल नहीं सकी। हैरानी की बात तो यह है कि 108 खंभों में से अब तक चार गिर चुके हैं, और बाकी की हालत भी जर्जर हो चुकी है। इस परियोजना को तत्कालीन कलेक्टर प्रभात मलिक की पहल पर लोक निर्माण विभाग की विद्युत एवं यांत्रिकी शाखा ने पूरा कराया था। लेकिन निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चहेते ठेकेदारों को काम देकर जमकर भ्रष्टाचार किया गया। एक साल बीत चुका है, पर ट्रांसफॉर्मर तक नहीं लगाए गए।

यह मार्ग पिथौरा से अंजली स्कूल तक और थाना चौक से राष्ट्रीय राजमार्ग 53 बाईपास तक जुड़ता है, जिस पर रोजाना हजारों लोग आवाजाही करते हैं। रात के अंधेरे में यह रास्ता जानलेवा बन गया है। कभी भी कोई खंभा गिर सकता है, जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों की मांग है कि इस कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए ताकि जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो सके।

ट्रांसफार्मर अब तक नहीं लगा

बिजली के खंभे और लाइटें हमारे विभाग द्वारा ही लगाई गई हैं। सात-आठ महीने हो गए हैं, लेकिन ट्रांसफॉर्मर अब तक नहीं लगा। ट्रांसफार्मर लगते ही लाइटें जलेंगी।
-राकेश यादव,
एसडीओ, लोक निर्माण विभाग (विद्युत एवं यांत्रिकी)

खंभे उखड़ने लगे

खंभे लगे एक साल हो गए हैं, अब तो वे उखड़ने भी लगे हैं। न जाने कब इनमें रोशनी आएगी। रात में लोगों को काफी दिक्कत होती है।
-प्रियरंजन कोसरिया,
सरपंच, ग्राम पंचायत लाखागढ़

जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा ने किया सर्वे

पात्र हितग्राहियों की ली ऑनलाइन फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वे का कार्य पिथौरा जनपद क्षेत्र के विभिन्न गांवों में तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने ग्राम सांकरा जोंक का दौरा कर स्वयं सर्वे कार्य में भाग लिया। उन्होंने पात्र हितग्राहियों की ऑनलाइन फोटो लेकर योजना की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी दी और बताया कि इस योजना का उद्देश्य सभी जरूरतमंदों को पक्के मकान उपलब्ध कराना है। पात्र हितग्राही योजना का लाभ पाने के लिए सर्वे में अपना नाम दर्ज कराना सुनिश्चित करें। धृतलहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के जीवन में बदलाव लाने वाली योजना है। हम चाहते हैं कि अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचे और कोई भी बेघर न रहे।

इस मौके पर पुरुषोत्तम धृतलहरे, कमलजीत सिंह छाबड़ा, ग्राम सरपंच सतपाल सिंह छाबड़ा, सतपाल सिंह छाबड़ा ग्राम पंचायत सांकरा सरपंच कमलजीत छाबड़ा, जनपद सदस्य झूमुख सिंह नेताम पूर्व सरपंच सांकरा उद्धव खमरी विजय चौधरी, राजेश विशाल, कलापुरम साहू, गोविंद साहू, लियाकत खान, द्वितीय मनी जगदल, आवास एंबेसेडर एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

बेलसोंडा में हुआ प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 का सर्वेक्षण

महासमुंद। प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण कार्य बेलसोंडा में हुआ । इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर लिंक क्लिक कर हितग्राहियों का नाम सर्वे सूची में ऑनलाइन जोड़ा गया ।

सरकारी डॉक्टरों की मनमानी पर लगाम लगाने कलेक्टर को तुषार ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने जिला अस्पताल के सरकारी डॉक्टरों के मनमानी पर लगाम कसने कलेक्टर को ज्ञापन, तुषार साहू ने कहा सरकारी अस्पताल में 2 दोपहर के बाद से डिलीवरी, गंभीर बीमारों और दुर्घटनाग्रस्त लोगों के इलाज में परेशानी हो रही है। अस्पताल में 2 दोपहर के बाद डॉक्टर नहीं मिलते। अस्पताल का डॉक्टर ड्यूटी चार्ट दिन और रात में अपडेट नहीं होता। जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज

अस्पताल के डॉक्टर अपनी ड्यूटी पीरियड में भी अस्पताल से नदारद रहते हुए निजी अस्पतालों में ओ पी डी प्रैक्टिस कर रहे हैं। तुषार साहू आगे कहा, जिले में ऐसे कई शासकीय डॉक्टर हैं, जिनका खुद का अस्पताल है, या फिर कुछ अस्पतालों में पार्टनरशिप में काम चल रहा है। बकायदा इन डॉक्टरों निजी अस्पतालों में उन डॉक्टरों नाम और ओपीडी टाइमिंग का बोर्ड चस्पा है। ऐसे डॉक्टरों पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन और जिला चिकित्सा अधिकारी को कड़ाई बरतने की जरूरत है। शासकीय अस्पताल के डॉक्टरों की सेवा लेने वाले निजी अस्पतालों पर भी कार्रवाई की मांग किया । कलेक्टर विनय लंगेह ने तत्काल सीएमओ बसंत महेश्वरी को फोन मे बात करके स्थिति सुधारने को कहा।

पीएम आवासः हर पात्र हितग्राही का मिलेगा पक्का मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के तहत सर्वेक्षण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विशेष पहल पर "मोर दुआर साय सरकार" अभियान के अंतर्गत सर्वे 15 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है, जोकि 30 अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

इसी क्रम में शनिवार को जनपद पंचायत बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में प्रधानमंत्री आवास प्लस का सर्वेक्षण कर पात्र हितग्राहियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत बसना के अध्यक्ष डीलेश्वरी निराला, उपाध्यक्ष मोहित पटेल, सभापति प्रकाश सिन्हा, सुशीला मलिक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि खोलबाहरा निराला, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष माधव साव, मंडल अध्यक्ष नरहरि पोर्ते, महामंत्री प्रहलाद साहू एवं नरेंद्र साहू, ग्राम के सरपंच सुरेश कोसरिया, उप सरपंच पंच समेत भाजपा के वरिष्टजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी व जनपद पंचायत के सीईओ पीयूष ठाकुर सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

देवरी के मोहन-पुरंदर साव ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

प्रधानमंत्री आवास सर्वेक्षण कार्यक्रम के दौरान देवरी ग्राम पंचायत के निवासी मोहन साव एवं पुरंदर साव को प्रधानमंत्री आवास के तहत बने मकान की चाबी सौंप कर बधाई प्रेषित की। इस दौरान हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया।

ग्रामीणों से की भागीदारी की अपीलः कार्यक्रम में जनपद पंचायत के सभापति प्रकाश सिन्हा ने ग्रामवासियों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी पूरी हो रही है। मोर दुआर साय सरकार पखवाड़ा के तहत गांव-गांव में प्रधानमंत्री आवास प्लस का सर्वे किया जा रहा है ताकि कोई भी पात्र परिवार पक्के मकान से वंचित न रहे। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। साथ ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने जितेंद्र त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री आवास सर्वेक्षण के संबंध में बताते हुए योजना लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। केंद्र और राज्य के जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया।

डॉ वर्णिका ने ग्रहण किया पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान अध्यक्ष शाला एवं विकास प्रबंधन समिति हासे स्कूल बीकेबाहरा द्रोण पटेल ने मुलाकात की।

राज्य नगरीय प्रशासनिक सेवा संघ की बैठक में पदाधिकारियों का निर्वाचन एवं महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

राज्य नगरीय प्रशासनिक सेवा संघ की एक अहम बैठक रायपुर में संपन्न हुई। जिसमें संघ के नए पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया तथा संघ से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ अधिकारी विनोद पांडेय द्वारा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से विनोद पांडेय को संघ का अध्यक्ष चुना गया, जबकि अन्य पदों के लिए निम्नलिखित सदस्यों का चयन किया गया उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, पूजा पिल्लै महासचिव सुशील चौधरी, सहसचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष खजांची कुम्हार, न्यायालयीन प्रकोष्ठ विनय मिश्रा, मधुलिका सिंह, राकेश शर्मा।

बैठक में इन प्रमुख एजेंडों पर गहन मंथन किया गयाः नगरीय प्रशासनिक अधिकारियों के कैडर गठन किए जाने की आवश्यकता पदोन्नति और समयमान की प्रक्रिया शीघ्र किए जाने, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती किए जाने, संगठन को मजबूत बनाने के संबंध में, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (ग) श्रेणी को राजपत्रित व ग्रेड पे 4400 किए जाने संभाग स्तर पर भी पदाधिकारियों को नामित किया गया।

बैठक में प्रदेशभर से आए अधिकारियों ने भाग लिया और अपने क्षेत्रीय अनुभवों, चुनौतियों तथा सुझावों को साझा किया। संघ के नव-निर्वाचित अध्यक्ष विनोद पांडेय ने कहा, "हम सभी अधिकारियों के हितों की रक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

यह बैठक संघ को नए दिशा-निर्देश देने और संगठनात्मक मजबूती प्रदान करने के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण रही।